# 15-यात्रा


चंदन अपने खेत में काम कर रहा था। तभी उसका दोस्त सूरज आया। वह भी उसके काम में हाथ बँटाने लगा। जब काम पूरा हो गया तो दोनों दोस्त एक पेड़ के नीचे बैठकर खाना खाने लगे। खाने खाते और बातचीत करते समय सूरज बोला, मित्र चंदन-मैं शहर गया था। शहर में गाड़ियों का मेला लगा है। मेले में मैंने टैक्टर देखा। यदि हम टैक्टर खरीद लें तो खेती करना आसान हो जाएगा। सूरज ने चंदन को शहर जाने के लिए तैयार कर लिया।



अगले दिन चंदन और सूरज ने शहर जाने के लिए एक बस पकड़ी। उनकी बस रास्ते में एक ढाबे पर रुकी, ताकि बस के यात्री कुछ जलपान कर लें। जलपान करके दोनों दोस्त बस में बैठने ही वाले थे कि तभी एक सुन्दर सी बस उनकी बस के पास आकर रुकी। सूरज ने ड्राइवर से जिज्ञासा से पूछा कि यह बस अत्यन्त सुन्दर है। तब ड्राइवर ने उन्हें बताया यह सी0एन0जी0 बस है। यह सी0एन0जी0 से चलती है। इसमें डीजल नहीं पड़ता, इससे प्रदूषण भी कम होता है।

सूरज और चंदन आपस में बात करते शहर पहुँचे। सूरज ने शहर पहुँचकर सीधे मेले वाले स्थान के लिए रिक्शा लिया। मेले में दुकानदार से ट्रैक्टर के बारे में पर्याप्त जानकारी लीं। दोनों दोस्तों को ट्रैक्टर बहुत पसन्द आ रहा था, परन्तु ट्रैक्टर का मूल्य ज्यादा था। उन दोनों के पास उतने रूपये नहीं थे। दोनों की आपस की बात दुकानदार ने सुनी तो वह बोला-भइया, आप टैक्टर किश्तों पर ले लो। फिर यह सुनकर दोनों दोस्तों में उत्साह आ गया। उन्होंने ट्रैक्टर खरीद लिया। अब उनके सामने समस्या थी कि ट्रैक्टर को गाँव कैसे ले

जाएँ ? दुकानदार ने कहा- आप दोनों परेशान न हों, मेरा मित्र रहीम ट्रक चलाता है वह ट्रैक्टर को गाँव पहुँचा देगा। यह सुनकर सूरज और चंदन बहुत खुश हो गए।



दुकानदार ने चंदन और सूरज को यह भी बताया कि इस ट्रैक्टर से आपको खेती करने में बहुत आसानी होगी। कम समय में आप ज्यादा काम कर सकेंगें। ट्रैक्टर डीजल से चलता है। इसका खर्चा भी कम आएगा।

*डीजल एक प्रकार का ईंधन है, जो पेट्रोलियम को कई चरणों में ठंडा करने से एक चरण में बनता है। इसका उपयोग वाहनों, मशीनों, सयंत्रों आदि को चलाने में किया जाता है।*

दुकानदार ने अपने मित्र रहीम से ट्रैक्टर को गाँव पहुँचाने को कहा। ट्रैक्टर में रहीम के साथ सूरज और चंदन भी बैठ गए। अब दोनों दोस्तों ने दुकानदार को धन्यवाद दिया और रहीम के साथ गाँव की ओर रवाना हुए। रास्ते में चंदन और सूरज का रहीम भी मित्र बन गया और वह बोला तुम दोनों चिन्ता मत करो। मैं तुम दोनों को ट्रैक्टर चलाना सीखा दूँगा। तीनों मित्रों की बातचीत में शहर से गाँव का सफर कब कट गया, पता ही न चला।

चंदन और सूरज जब ट्रक से ट्रैक्टर लेकर गाँव पहुँचे। गाँव के सभी लोग उत्सुकतापूर्वक इकट्ठे हो गए, क्योंकि उनके गाँव में पहला ट्रैक्टर था। सभी ने उन दोनों दोस्तों को बधाई दी। चंदन से रहीम बोला-मित्र, अब मुझे शहर वापस जाने की इजाजत दो। तब चंदन और सूरज मुस्कराए और रहीम से बोले-मित्र रहीम, तुमने हमारी बहुत सहायता की है। हम तुम्हें ऐसे न जाने देगें। तुम खाना खाकर आज रात आराम करो, अब कल जाना।

रहीम दोनों मित्रों के प्यार को देखकर गाँव में रुक गया। रात में सभी खा-पीकर बातचीत करते सो गए। अगले दिन रहीम ने नाश्ता कर चंदन और सूरज से शहर जाने की अनुमति माँगी और कहा कि मैं जल्दी ही आकर तुम दोनों को ट्रैक्टर चलाना सिखाऊँगा।

- क्या आपने कभी बस/ ट्रैक्टर में यात्रा की है ?
- बस/ट्रैक्टर चलाने के लिए कौन सा ईंधन डालते हैं ?

- क्या आप जानते हैं ! कि पेट्रोल/डीजल कहाँ से आता है ?

कुछ दिनों बाद रहीम स्कूटर से गाँव आया। उसे देखकर चंदन और सूरज बहुत प्रसन्न हुए। उसका स्वागत किया। चंदन बोला-मित्र रहीम तुम खा-पीकर विश्राम करो। तब तक हम दोनों खेतों पर काम निपटाकर आते हैं। खेत पर जल्दी-जल्दी काम करके दोनों दोस्त जब घर पहुँचे। रहीम उनका इन्तजार कर रहा था। रहीम ने फिर ट्रैक्टर स्टार्ट किया और चंदन और सूरज को ट्रैक्टर सीखाना शुरू किया। कुछ ही दिनों में मेहनत और जोश के साथ सूरज और चंदन ने ट्रैक्टर चलाना सीख लिया। ट्रैक्टर चलाना सीखकर दोनों बहुत प्रसन्न थे। अब रहीम ने उनसे शहर जाने की अनुमति माँगी। रहीम ने दोनों को शहर आने का निमन्त्रण भी दिया।

चंदन और सूरज ट्रैक्टर से खेती करने लगे। उनके लिए खेती करना अब आसान हो गया था। दोनों की मेहनत रंग लाई। फसल बहुत अच्छी हुई। दोनों ने मिलकर फसल काटी और ट्रैक्टर पर फसल लादकर शहर चल दिए। शहर पहुँचकर मंडी में फसल को बेचा। इसके बाद दोनों ने रहीम के घर की ओर प्रस्थान किया। रहीम उन्हें देखकर बहुत प्रसन्न हुआ। उसने ट्रक चलाना छोड़ दिया था, अब रहीम कार से मुसाफिरों को घुमाता था, यही उसका रोजगार था।

रहीम ने चंदन और सूरज का ट्रैक्टर अपने घर पर खड़ा करा दिया। दोनों को अपनी कार में बिठाकर शहर घुमाने चल दिया। उसने दोनों को शहर की प्रमुख जगहों को दिखाया। रास्ते में चंदन ने रहीम से पूछा-मित्र, क्या यह कार डीजल से चलती है! तब रहीम बोला-नहीं, मित्र यह कार पेट्रोल से चलती है। कुछ कारें डीजल और सी0एन0जी0 से भी चलती हैं। चंदन और सूरज ने रहीम से सी0एन0जी0 से चलने वाली बस देखी ही थी, उन्हांेने कार भी देखने की इच्छा जाहिर की। रहीम उनको कार की दुकान पर ले गया। जहाँ सी0एन0जी0 से चलने वाली कार थी। सी0एन0जी0 की कार देखकर चंदन ने दुकानदार से सी0एन0जी0 के बारे में पूछा कि यह क्या है। तब दुकानदार ने बताया। सी0एन0जी0- (संपीडित प्राकृतिक गैस) एक प्राकृतिक गैस है।

**इसे भी जानो-**

*सी0एन0जी0 200-250 कि0ग्राम के संकुचित दबाव में गैसीय अवस्था में वाहनों में ईंधन के रूप में उपयोग में लाई जाती है। इसका उपयोग मुख्यतः वाहनों में होता है। सी0एन0जी0 के अवयव हैं-मीथेन, ईंधन और प्रोपेन। यह गैस रंगहीन एवं गंधहीन होते हैं। यह हवा से भी हल्की होती है।*

सी0एन0जी0के उपयोग से हमें बहुत से लाभ भी हैं, जैसे-



- सी0एन0जी0 का उपयोग डीजल तथा पेट्रोल इंजन दोनों वाहनों में किया जा सकता है।
- सी0एन0जी0 से प्रदूषण काफी कम फैलता है।
- पेट्रोल और डीजल वाली गाड़ियों की तुलना में सी0एन0जी0 का खर्चा कम होता है।
- पर्यावरण के लिए सी0एन0जी0 गैस अच्छी मानी गई है। पेट्रोल और डीजल की तुलना में यह कार्बन डाईआॅक्साइड, नाइट्रोजन आॅक्साइड और आॅरगेनिक गैस कम उत्सर्जित करती है।

सूरज और चंदन दुकानदार से नई-नई जानकारी पाकर बहुत खुश हुए। इसके बाद रहीम दोनों मित्रों के साथ अपने घर आया। रास्ते में तीनों मिलकर शहर में जो नया देखा था और नई-नई जानकारी प्राप्त किए थे, उसी पर बातचीत करते रहे थे। चंदन और सूरज ने फिर अपने मित्र रहीम से गाँव जाने की अनुमति माँगी। इसके बाद दोनों दोस्त खुशी-खुशी गाँव आ गए।

**अब आप अपने बड़ों से पता करिए -**

- पेट्रोल, डीजल और सी0एन0जी0 से कौन-कौन से वाहन चलते हैं ?
- इन वाहनों का मूल्य क्या है ?
- प्रदूषण कम करने के लिए कौन से ईंधन का प्रयोग वाहन में करना चाहिए ?

**ईंधन बचाएँ-**

तेल का भंडार सीमित है, इसे अपने बच्चों के लिए बचाएँ। प्रत्येक बूँद से ज्यादा लाभ लें, जब गाड़ी रोकें, तब इंजन बन्द करें।

## अभ्यास


1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

(क) गाड़ी चलाने के लिए कौन-कौन र्से इंधन का प्रयोग होता है ?

(ख) सड़क पर वाहनों की बढ़ती संख्या से क्या-क्या परेशानी होती है ?

(ग) वाहनों की बढ़ती संख्या से आई परेशानियों को कम करने के कुछ तरीके सुझाइए?

2. नीचे कुछ वाहनों के चित्र दिए हैं, चित्र देखकर उनके नाम और वे वाहन हमारे किस काम में आते हैं ? लिखिए-



नाम............. काम..........

3. पता करके लिखिए-

स आपके शहर में पेट्रोल और डीजल की कीमत क्या चल रही है ?

- स्कूटर में कौन सा ईंधन डाला जाता है ?
- पेट्रोल और डीजल की कीमत क्यों बढ़ती जा रही है ?

- आपके घर में किस-किस काम में कितना पेट्रोल/डीजल खर्च होता है ?
- पेट्रोल/डीजल के प्रयोग पर आप लोगों को कैसे जागरूक करंेगे ?

4. नीचे दिए चित्रों में दिखाए स्थानों पर आप अपने घर से कैसे जाना चाहोगे? उसका

नाम बॉक्स में लिखिए -



5. (क) अपने बड़ों से पूछिए, आज से 40 साल पहले लोग किन साधनों से आते जाते थे? क्या तब भी यही सब साधन थे, जो आजकल आप देखते हैं।

(ख) अब आप अनुमान लगाओ कि आज से पच्चीस साल बाद लोग आने जाने के लिए किस प्रकार के वाहन का उपयोग करेगें।

# कितना सीखा-3

1. सही मिलान करें -

समूह ‘क’        समूह ‘ख’




2. अपनी पसन्द के घर का चित्र बनाकर उसमें रंग भरिए।

3. दी गई वर्ग पहेली में कुछ आपदाओं के नाम छिपे हैं। उनके नाम ढूँढिए।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| आँ | ज्वा | ला | मु | खी |
| धी | दं | लू | च | ग |
| सु | गा | भू | कं | प |
| ना | प्र | द | ष | बा |
| मी | प | आ | ग | ढ़ |

4. क्या करें, क्या न करें -

क्या करें क्या न करें

(क) अगर बाढ़ आ जाए ........

(ख) अगर भूकम्प आ जाए ......

(ग) अगर आग लग जाए ........

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

(क) भूमिगत जल पुनर्भरण से आप क्या समझते हैं ?

(ख) सिंचाई के किन्हीं दो परम्परागत साधनों के नाम लिखिए।

(ग) पानी की बचत हम कैसे कर सकते हैं ?

(घ) सी.एन.जी. के अवयव लिखिए ?

(ङ) प्रदूषण कम करने के लिए कौन से ईंधन के वाहन का प्रयोग करना चाहिए ?

(च) वाहनों में प्रयोग होने वाले दो ईंधन का नाम लिखिए ?

6. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए

(क) पानी .......... पदार्थ होता है।

(ख) पानी में ....... का गुण होता है।

(ग) मोम .......... में अविलेय है।

(घ) कुएँ के पानी में ....... मिलाकर पीने योग्य बनाया जाता है।

(ङ) ........ सहायता से खेती करना आसान हो गया है।

7. किन्हीं दो चीजों के नाम लिखिए जो मिट्टी के तेल में घुल जाते हैं।

.................     ......................

8. यदि एक निश्चित मात्रा के बाद चीनी पानी में नहीं घुलती है तो और चीनी घोलने के लिए आप क्या करेंगे ?